**कार्यालय प्राचार्य भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)**

ई–मेल polydmt@rediffmail.com

---

क्रमांक / 260/पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025

धमतरी, दिनांक 22 / 04 / 2025

**दिनांक 18.04.2025 एवं 20.04.2025 को आयोजित बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी के पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की आनलाईन बैठक का कार्यवाही विवरण**

दिनांक 18.04.2025 एवं 20.04.2025 को आयोजित बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी के पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की आनलाईन बैठक आयाजित की गई । इस बैठक में 30 पूर्व छात्र प्रतिनिधियों (Aulmini) , संस्था के प्राचार्य श्री जी.आर.साहु एवं संस्था के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री जय प्रकाश डनसेना,व्याख्याता विद्युत ने भाग लिया। सबसे पहले बैठक में उपरिथत समस्त पूर्व छात्र प्रतिनिधियों ने अपना विस्तृत परिचय दिया।

2.संस्था के प्राचार्य ,द्वारा पूर्व छात्रों का ध्यान " **पूर्व छात्रों की समिति (Alumni Association)**" के गठन के उद्देश्यों की आरे आकृष्ट किया, जो इस प्रकार हैं –

**1.पूर्व छात्रों का डेटा संग्रहः** पूर्व छात्रों की संपर्क जानकारी और व्यावसायिक विवरण एकत्र करना एवं अद्यतन (Update) करना।

**2.पूर्व छात्र मिलन (Alumni Meet)** : नियमित अंतराल पर पूर्व छात्रों के साथ पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित करना।

**3.कैरियर मार्गदर्शन एवं सलाहः** वर्तमान छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्रों का आयोजन।

**4.उद्योग एवं अकादमिक सहयोगः** पूर्व छात्रों के माध्यम से उद्योगों के साथ संस्थान के सहयोग को बढावा देना।

**5.छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायताः** जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता एवं छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने में पूर्व छात्रों की भागीदारी

**6.संस्थान के विकास में योगदानः** बुनियादी ढांचे के विकास, शोध कार्य, एवं अन्य गतिविधियों में पूर्व छात्रों की सहभागिता।

3.बैठक में बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी में पूर्व में आयोजित पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की बैठक दि 02.04.2025 के कार्यवृत्त प्रस्तुत की गई एवं उस पर विस्तृत चर्चा की गई।

4.बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन पूर्व छात्र संघ के लिए किया गया –

1. श्री नरेंद्र कुमार गौर (1981 Mechanical Batch) – अध्यक्ष
2. श्री युवराज देवांगन (1981 Civil Batch) – उपाध्यक्ष
3. श्री कोमल धुरंधर (1983 Mechanical Batch) – उपाध्यक्ष
4. श्री दिनेश चौरसिया (1982 Mechanical Batch) – कोषाध्यक्ष
5. श्री बुमेश कुमार साहू (1983 Civil Batch) – सचिव

5. संस्था के प्राचार्य श्री जी.आर.साहु ,जो स्वयं बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी (सिविल 1981 बैच) के पूर्व छात्र हैं, ने संस्था के एवी हॉल हेतु उच्च गुणवत्ता वाले छात्र फर्नीचर प्रदान करने की अपनी हार्दिक इच्छा व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि इस हॉल में लगभग 90 छात्रों की बैठक क्षमता है तथा किसी भी समारोह के अवसर पर लगभग 200 व्यक्तियों को समायोजित किया जा सकता है। श्री साहू द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि हॉल को साउंड सिस्टम से सुसज्जित किया जाएगा एवं इसकी पुताई कर नवसज्जा की जाएगी। उन्होंने प्रस्तावित किया कि इस नवसज्जित एवी हॉल का उद्घाटन मई 2025 के अंतिम सप्ताह या जून 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह के अवसर पर किया जाए। उनकी इस प्रेरणादायी पहल से प्रेरित होकर संस्थान के दो अन्य पूर्व छात्र श्री धनेन्द्र राणा (मेकेनिकल 2012 बैच) एवं श्री मनीष निर्मलकर (इलेक्ट्रिकल 2008 बैच) ने भी इस पुण्य कार्य में सक्रिय योगदान देने की घोषणा की।

इसी क्रम में, संस्थान के एक अन्य सम्माननीय पूर्व छात्र श्री मिथ्लिेश साहू ( सिविल 1994 बैच) ने बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्य में सहयोग करने की अपनी इच्छाशक्ति व्यक्त की।

सभी उपस्थित पूर्व छात्रों ने श्री जी.आर. साहू, श्री राणा, श्री मनीष निर्मल एवं श्री मितलेश साहू द्वारा संस्था के प्रति प्रदर्शित इस सद्भावना एवं समर्पण का हृदय से स्वागत करते हुए उनका आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया।

6.यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी ऑफलाइन बैठक दिनांक 28.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे अप बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें मई के अंतिम सप्ताह या जून के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले पूर्व छात्र मिलन समारोह की योजना पर चर्चा की जाएगी तथा पूर्व छात्र संघ की आगे की कार्यप्रणाली पर विचार किया जावेगा।

7. बैठक का समापन बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के प्राचार्य श्री जी.आर. साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

जी.आर.साहु

प्राचार्य

बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी

पृ क्रमांक / 261 / पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025

धमतरी, दिनांक 22/04/2025

22.04.2025

जी.आर.साहु

प्राचार्य

बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी